Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

Public Relations Office

Independence Day Celebration

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 17-08-2022**

हकेवि में स्वतंत्रता दिवस पर समारोह का हुआ आयोजन

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर सोमवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ। 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शैक्षणिक खंड के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस समारोह में स्वागत भाषण छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों व उनके परिवारजनों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। इनमें स्पंदन, राधिका, अमृता, आदिश, अहाना, महक, रितिक, अनिमेश, किरण एवं डांस ग्रुप, नरेश, सन्नी तंवर, रश्मि तंवर, शंकर, अजयपाल आदि के नाम शामिल हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 17-08-2022**

बलिदानियों को कभी नहीं भूल सकते

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि बलिदानियों को कभू नहीं भूल सकते। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस समारोह में स्वागत भाषण छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया। विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व उनकी टीम को स्मृति चिह्न कुलपति व कुलसचिव की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुलपति परिवार सहित शामिल हुए। साथ ही इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, शिक्षकेतर कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वंतत्रता दिवस पर, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ.हकेंवि

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 17-08-2022**

ह.के.वि. में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर समारोह आयोजित

■ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोह लिया मन

महेंद्रगढ़, 16 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर सोमवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शैक्षणिक खंड के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता दिवस न केवल ब्रिटिश राज के शासन से भारत की आजादी को दिखाता है बल्कि यह हमारे देश की शक्ति को भी दिखाता है कि कैसे हम सब एक थे, एक हैं और एक रहेंगे। कुलपति ने कहा कि आज पूरा भारत वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव पूरे हर्ष व उत्साह के साथ मना रहा है। इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में हर संभव योगदान देंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस समारोह में स्वागत भाषण छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। इनमें स्पंदन, राधिका, अमृता, आदिश, अहाना, महक, रितिक, अनिमेश, किरण व डांस ग्रुप, नरेश, सन्नी तंवर, रश्मि तंवर, शंकर, अजयपाल आदि के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पूर्व सैनिकों के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कुलपति को स्मृति चिन्ह देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए केंद्र की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह कुलपति व कुलसचिव की ओर से प्रदान किया गया। साथ ही इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, शिक्षकेतर कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।